न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी– दिव्यराज सिंह चुण्डावत (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 1014/2024 | दायर दिनांक 26-12-2024 | निर्णय दिनांक 30-12-2024

उनवान

1. शिवप्रकाश टेलर पिता गणपतलाल टेलर, निवासी 100 फीट रिंग रोड भीलवाडा

–– प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा राज0

–– विपक्षी

उपस्थितः– 1. अधिवक्ता प्रार्थी की औैर से शिवप्रकाश टेलर
2. विपक्षी संख्या 02 की औैर से पैराकार सरकार।

–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट बाबत् रेकार्ड में हुई त्रुटि को दुरस्थ कराये जाने :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी की खातेदारी अधिकार एवं आधिपत्य की राजस्व ग्राम पांसल, 200फीट रिंग रोड तहसील भीलवाडा जिला भीलवाडा (राज०) में स्थित आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 07 बिस्वा 10 बिस्वांसी भूमि स्थित हैं। उक्त भूमि पर प्रार्थी काबिज होकर उपयोग उपभोग कर रहा है।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अंकित किया है कि पटवारी नक्शा, राजस्व नकल, पुराने रेकार्ड सब सही है परन्तु ऑनलाईन करते समय गलत अंकित कर दिया है जो निम्नानुसार है ग्राम पांसल की जमाबन्दी खाता संख्या 1769 में आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0948 हैक्टेयर किस्म बंजड शिवप्रकाश पिता गणपतलाल हिस्सा पूर्ण व खाता संख्या 2025 में आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0506 हैक्टैयर गे0मु0 सडक यू0आई0टी0 भीलवाडा के नाम जंमाबन्दी व ऑनलाईन नक्शा दोनो में दर्ज रेकार्ड आ रहा है जबकि नक्शा लठ्ठा नामा0 संख्या 3818 दि0 29.12.2009 रकबा 0.04 बीघा यू0आई0टी0 के नाम व नामा. सं. 5506 दिनांक 05.12.2014 अनुसार 2579/2 रकबा 0–07–10 बीघा खातेदार शिवप्रकाश टेलर पिता गणपतलाल टेलर के नाम दर्ज रेकार्ड हुई।

आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0948 बंजड शिवप्रकाश टेलर पिता श्री गणपतलाल टेलर हिस्सा पूर्ण जाति टेलर, खातेदार के नाम पर दर्ज रेकार्ड है। ऑनलाई नक्शें में भी शिप्रकाश पिता गणपतलाल टेलर नाम दर्ज आ रही है। ग्राम पांसल की वर्तमान जमाबन्दी खाता संख्या 2025 में स्थित आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0506 गे0मु0 सडक नगर विकास न्यास भीलवाडा 200 फीट रिंग रोड हिस्सा पूर्ण संस्था के नाम दर्ज रेकार्ड है व ऑनलाईन में भी यू0आई0टी0 भीलवाडा के नाम दर्ज रेकार्ड आ रही है। जबकि पूर्व में नामा0 सं0 3818 दिनांक 29.12.2009 व वर्तमान लठ्ठा अनुसार 2579/1 रकबा 0.04 बीघा भूमि अवाप्ति से यू0आई0टी0 के नाम दर्ज रेकार्ड है। नामा0 सं0 5506 दिनांक 06.12.2024 अनुसार आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0–07–10 बीघा भूमि शिवप्रकाश पिता गणपतलाल टेलर के नाम दर्ज है। अतः भू–नक्शा व जमाबन्दी में शुद्धि कराने की प्रार्थना की है।

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

प्रकरण में तहसीलदार भीलवाडा द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार ग्राम पांसल की वर्तमान जमाबन्दी व भू—नक्शा में आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0948 हैक्टेयर की जगह आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0948 हैक्टेयर व वर्तमान आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0506 हैक्टेयर की जगह आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0506 हैक्टेयर शुद्धि कराये जाने उचित बताया है।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट बाबत् राजस्व नक्शें में दुरूस्ती का अध्ययन किया गया। राजस्व रेकार्ड का परीक्षण किया गया ग्राम पांसल की वर्तमान जमाबन्दी खाता संख्या 1769 में आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0948 हैक्टेयर किस्म बंजड शिवप्रकाश पिता गणपतलाल हिस्सा पूर्ण व खाता संख्या 2025 में स्थित आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0506 हैक्टेयर भूमि गे0मु0 सडक यू0आई0टी0 भीलवाडा के नाम जमाबन्दी व ऑनलाईन नक्शा दोनों में दर्ज रेकार्ड आ रहा है जबकि आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0—04 बीघा यू0आई0टी0 के नाम व आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0—07—10 बीघा खातेदार शिवप्रकाश पिता गणपतलाल टेलर के नाम दर्ज रेकार्ड हुई है अतः भू—नक्शा व जमाबन्दी अनुसार शुद्धि किया जाना उचित है उपरोक्तानुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 का स्वीकार योग्य ठहरता है। अतःएव्

—:आदेश :—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट की स्वीकार किया जाकर प्रकार तहसीलदार भीलवाडा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार ग्राम पांसल की वर्तमान जमाबन्दी व भू—नक्शा में आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0948 हैक्टेयर की जगह आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0948 हैक्टेयर व वर्तमान आराजी नम्बर 2579/2 रकबा 0.0506 हैक्टेयर की जगह आराजी नम्बर 2579/1 रकबा 0.0506 हैक्टेयर शुद्धि के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार भीलवाडा उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख में संशोधन का इन्द्राज कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस में प्रस्तुत करे।

निर्णय आज दिनांक 30.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर से जारी किया गया है।

(दिव्यराज सिंह चुण्डावत)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाडा